बरेली, शुक्रवार
10 फरवरी, 2023
नगर संस्करण
[illegible]
[illegible]

दैनिक जागरण

PAGE NO :07 BOTTOM

संगीत और कला का जलवा बिखेरा

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा के दूसरे स्थापना दिवस पर बुधवार को कथक प्रख्यात नृत्यांगना कमलिनी समेत अन्य कलाकारों ने भारतीय संगीत और कला का जलवा बिखेरा।

नृत्य प्रस्तुत कर कलाकारों ने वाहवाही लूटी। संस्थापक देवमूर्ति ने स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री समाजसेवी श्रीराम मूर्ति को याद किया। मुख्य अतिथि कथक नृत्यांगना कमलिनी ने कहा कि दुनिया के किसी भी देश में वो अपनी परफॉर्मेंस दे रहीं हों, लेकिन उसमें बरेली जितना आनंद नहीं आता। कमलिनी के शिष्य विश्वदीप शर्मा ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, श्यामल गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल, सुरेश सुंदरानी, डॉ. एसबी गुप्ता, डॉ. आरपी सिंह, एयर मार्शल डॉ. एमएस भटोला आदि उपस्थित रहे। संवाद